कार्यालय

# उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड)
# (जिला पंचायत राज कार्यालय,दुमका)

## संविदा आधारित नियुक्ति
## विज्ञापन संख्या– 01/2016

ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखण्ड, राँची के पत्रांक–1453 दिनांक– 03.05.2016 के द्वारा संविदा पर कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की नियुक्ति करने का निर्देश प्राप्त हुआ है। दुमका जिला के लिए कनीय अभियंता का 20 पद तथा लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर का 69 पद स्वीकृत किया गया है।

ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज) झारखण्ड, राँची की अधिसूचना संख्या–689, दिनांक–26.02. 2016 के अनुसार प्रत्येक तीन पंचायत पर एक लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रत्येक प्रखण्ड के लिए दो कनीय अभियंता को 14वें वित्त आयोग से प्राप्त राशि से 10 प्रतिशत प्रशासनिक एवं तकनीकी सहयोग के रूप में व्यय हेतु कर्णांकित राशि से पंचायतों में मासिक मानदेय पर रखने की स्वीकृति प्राप्त है।

आरक्षण कोटिवार रिक्त पदों की संख्या एवं मासिक मानदेय निम्न प्रकार है :–

| क्र0 | पद | अनारक्षित | अ0जाजा0 | अ0जा0 | कुल | मासिक मानदेय | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कनीय अभियंता | 10 | 09 | 01 | 20 | 17000/– | कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर संविदा पर नियुक्त कर्मियों को मानदेय में 5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दी जायेगी। |
| 2 | लेखा लिपिक –सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 35 | 31 | 03 | 69 | 10000/– | |

उपरोक्त दोनों रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु योग्य अभ्यर्थियों से निम्न दिशा निर्देश एवं शर्त्तों के तहत् विहित प्रपत्र में आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि–06.06.2016 के अपराह्न 05:00 बजे तक होगी।**

**1. पद का नाम – कनीय अभियंता**

**(ख) शैक्षणिक योग्यता :–**

(i) अनिवार्य योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से नियमित पाठ्यक्रम में 60 प्रतिशत अंकों के साथ सिविल अभियंत्रण में डिप्लोमा अथवा समकक्ष शैक्षणिक योग्यता । अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक 50 प्रतिशत निर्धारित किये जाते है।

(ii) वांछनीय योग्यता – संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता।

**(ग) उम्र सीमा :–** अधिकतम 40 वर्ष।

**उम्र की गणना की तिथि –(Cut off date – 01.01.2016)**

**2.पद का नाम – लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर**

**(ख) शैक्षणिक योग्यता :–**

(i) अनिवार्य योग्यता – मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ बी0कॉम/ बी0एस0सी0(गणित/सांख्यिकी) / बी0ए0(गणित/सांख्यिकी) अथवा समकक्ष डिग्री। अनुसूचित जाति तथा जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए न्यूनतम अंक में 05 प्रतिशत की छूट रहेगी।

**(ii) वांछनीय योग्यता** – संबंधित क्षेत्र में उच्चतर योग्यता एवं अनुभव को प्राथमिकता दी जायेगी।

**(ख) उम्र सीमा :–** उम्र सीमा निम्नवत रहेगी :–

(i) सामान्य वर्ग के लिए – 35 वर्ष

(ii) पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग के लिए– 37 वर्ष

(iii) अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के लिए – 40 वर्ष

**उम्र की गणना की तिथि – (Cut off date– 01.01.2016)**

**(3) आवेदन पत्र समर्पित करने की प्रक्रिया :–**

(i) आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में भरे जायेंगे तथा वांछित सभी प्रकार के प्रमाण–पत्रों की स्वभिप्रमाणित प्रति एवं शुल्क का बैंक ड्राफ्ट के साथ **उपायुक्त, दुमका** के पदनाम से निबंधित डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा जाना अनिवार्य होगा। लिफाफे पर निश्चित रूप से आवेदित पद का नाम एवं विज्ञापन संख्या मोटे अक्षर में लिखना आवश्यक है। आवेदन पत्र प्राप्ति करने की **अंतिम तिथि दिनांक–06.06.2016 के अपराह्न 05:00 बजे** तक है।

(ii) आवेदन पत्र के साथ एक स्वपता (पत्राचार पता) लिखा लिफाफा निबंधित डाक हेतु निर्धारित टिकट के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा।

(iii) आवेदन पत्र विहित प्रपत्र में भरे जायेंगे जिसे दुमका जिले के वेबसाईड– dumka.nic.in/panchayat.aspx से डाउनलोड किया जा सकता है।

(iv) आवेदक एक से अधिक पदों के लिए आवेदन पत्र समर्पित कर सकते है। इसके लिए प्रत्येक पद के लिए अलग–अलग आवेदन पत्र कंडिका 3(1) के अनुरूप अलग–अलग लिफाफा में निबंधित डाक से समर्पित करना होगा।

(v) आवेदक को आवेदन पत्र के साथ पद के अनुरूप शुल्क का भुगतान करना होगा, जो निम्नवत होगा :–

| क्र0 | पद का नाम | शुल्क की राशि | कोटि |
|---|---|---|---|
| 1 | कनीय अभियंता | 500/– | सामान्य कोटि के लिए |
| | | 300/– | अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जन जाति के लिए। |
| 2 | लेखा लिपिक –सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर | 500/– | सामान्य कोटि के लिए |
| | | 300/– | अनुसूचित जाति एंव अनुसूचित जन जाति के लिए। |

(vi) आवेदन शुल्क की राशि का भुगतान उपायुक्त, दुमका के पदनाम से राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से किया जाना आवश्यक होगा जिसका भुगतान दुमका में होगा। आवेदक आवेदन पत्र की पीठ पर बैंक ड्राफ्ट की संख्या, राशि, तिथि तथा निर्गत बैंक का नाम अनिवार्य रूप से लिखेंगे। इसी प्रकार बैंक ड्राफ्ट की पीठ पर बायीं तरफ अपना नाम, संक्षिप्त पता एवं आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें।

(vii) यदि आवेदक एक से अधिक पद के लिए आवेदन देना चाहते है तो उन्हें पदवार अलग–अलग शुल्क नियमानुसार जमा करना होगा।

(viii) आवेदन पत्र ई–मेल – **dpro_dumka@rediffmail.com** के माध्यम से भी समर्पित किया जा सकता है; परन्तु इसकी भी मूल प्रति स्पीड पोस्ट या निबंधित डाक से उपायुक्त, दुमका के पदनाम से भेजे जाने होंगे जो आवेदन पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि तक ससमय मिल जाना चाहिए।

(ix) आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि– **06 जून 2016** निर्धारित की जाती है। अधूरा भरा आवेदन पत्र/ आवेदन शुल्क रहित आवेदन पत्र / वांछित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न नहीं रहने तथा निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

(5) सेवा शर्त्त :–

(i) प्रारंभिक चरण में संविदा के आधार पर ऐसी नियुक्ति एक वर्ष के लिए की जायेगी तथा उस कालावधि के पूर्ण होने के पूर्व समिति के द्वारा उनके कार्यो की समीक्षा की जायेगी। कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर अगले एक वर्ष के लिए संविदा के आधार पर नियुक्ति का नवीकरण किया जा सकेगा। नवीकरण नहीं होने की स्थिति में ऐसी नियुक्ति स्वतः समाप्त समझी जायेगी। नियुक्ति के लिए गठित चयन समिति ही इस परियोजनार्थ नवीकरण के लिए भी समिति मानी जायेगी।

(ii) यदि कोई कार्यरत कनीय अभियंता /लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर ऐसी नियुक्ति से स्वतः मुक्त होना चाहेगा, तो उसे अपने नियंत्री पदाधिकारी के माध्यम से नियुक्ति पदाधिकारी को इसकी लिखित सूचना एक माह पूर्व देनी होगी या एक माह की परिलब्धि जमा करनी होगी। इसके विपरीत यदि नियुक्ति पदाधिकारी को ऐसे कार्यरत कनीय अभियंता /लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवा की आवश्यकता नहीं हो तो उसे एक माह की लिखित सूचना या एक माह की परिलब्धि देकर कार्यरत कनीय अभियंता /लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवा समाप्त कर सकेंगे। परन्तु कार्य असंतोषप्रद जनक पाये जाने पर ऐसे कार्यरत कनीय अभियंता/लेखा लिपिक –सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवा नियुक्ति पदाधिकारी के द्वारा किसी भी वक्त समाप्त की जा सकेगी।

(iii) उपर्युक्त अवधि में संविदा के आधार पर नियुक्त कर्मी को किसी अन्य स्थान/संस्था इत्यादि में कार्य करने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(iv) संविदा अवधि का नवीकरण कर्मियों की क्षमता, निधि की उपलब्धता, कर्मियों की आवश्यकता तथा योजना की अवधि को ध्यान में रखते हुए किया जायेगा।

(v) कार्य संतोषप्रद पाये जाने पर मानदेय में 5 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि दी जायेगी।

(vi) आवेदक को देय एकमुश्त वेतन के अन्तर्गत ही यात्रा, दूरभाष एवं इन्टरनेट की सुविधा भी सम्मिलित होगी।

(vii) आवेदक को योगदान करने हेतु किसी प्रकार का यात्रा व्यय का भुगतान नहीं किया जायेगा। कर्मी को मात्र सरकारी कार्यो से देश के अन्दर यात्रा करने हेतु राज्य के नियमों के अन्तर्गत यात्रा व्यय का भुगतान किया जायेगा।

(viii) राज्य सरकार द्वारा निर्धारित अवकाश संविदा कर्मियों को देय होगा।

(ix) नियुक्त कर्मियों को विभाग द्वारा तैयार किये गए अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर करना होगा।

**नोट :– सरकार द्वारा निर्धारित साक्षात्कार एवं स्थानीयता नीति का इस नियुक्ति प्रक्रिया में लागू होने के संदर्भ में मार्गदर्शन हेतु पत्राचार किया गया है। मार्गदर्शन में प्राप्त निर्देश, भविष्य में विभाग द्वारा प्राप्त अन्य निर्देश एवं जिला चयन समिति के द्वारा लिया गया निर्णय इस नियुक्ति में प्रभावी होगा।**

17/5/16

उपायुक्त,
दुमका।

कार्यालय

# उपायुक्त –सह– जिला दण्डाधिकारी, दुमका (झारखण्ड)

## (जिला पंचायत राज कार्यालय,दुमका)

कनीय अभियंता एवं लेखा लिपिक–सह–कम्प्यूटर ऑपरेटर की संविदा आधारित नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र

विज्ञापन संख्या– 01/2016

1. Post Applied for :-
2. Name of the Candidate :-
3. Father's name :-
4. Nationality :-
5. State in which Domiciled/Resident :-
6. Address
   [a] Permanent Address :-

   [b] Correspondence Address :-

7. E-Mail Address :-
8. Mobile No. :-
9. Caste :-
10. Age :-
11. Education Qualification/ Desirable Qualification

| Name of Exam | University/ Institute | Passing Year | Percentage |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

12. Experience

| Name of Organization | Designation | From | To |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

Note :- Documents related to Age, Proof of Domicile/Residence, Caste, Qualification, Experience Should be self attested and attached.

## Declaration

**I hereby declare that all the statement information furnished & papers attached are true to best of my knowledge and belief. I have not been prosecuted or punished by any Court of law for any offence or involved /named/charge sheeted in any criminal or like case. If any of the information furnished by the undersigned is formed to be false, my candidature be deemed void and be appropriately penalized.**

**Signature of the applicant**